28 फरवरी 2026
शनिवार

# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण


होली 2026 : बक्सर में चौकस प्रशासन 102 दंडाधिकारी और 31 गश्ती दल तैनात
2



## एक नजर

### पश्चिम बंगाल में रक्फ़के बाद शनिवार को प्रकाशित होगी नई वोटर लिस्ट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के एसआईआर के बाद शनिवार को प्रकाशित होने वाली मतदाता सूची में सात करोड़ से अधिक मतदाताओं की अद्यतन जानकारी होगी। महीनों के राजनीतिक टकराव, अदालती लड़ाइयों, सड़कों पर प्रदर्शनों और चिंता के माहौल के बीच संशोधित मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। इन बातों ने विधानसभा चुनाव से पहले के परिदृश्य को नया रूप दिया है। इस चुनाव में विभिन्न राजनीतिक दलों का काफी कुछ दांव पर है।राज्य में 7.08 करोड़ मतदाताओं को अनुमोदित, हटाए गए या विचाराधीन के रूप में वगीर्कृत करने वाली यह सूची 28 फरवरी को प्रकाशित होगी। यह ऐसी प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण मोड़ है जो नौकरशाही में सुधार से कहीं आगे बढ़कर चुनाव से पहले विवाद का मुद्दा बन गई है।निवार्चन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को एक बड़े चुनाव से पहले वैधानिक शुद्धिकरण के रूप में परिकल्पित किया था। एसआईआर पहली बार 2002 में किया गया था।

### क्रिकेटर रिंकू सिंह ने पिता की अर्थी को कंधा दिया

**नई दिल्ली।** क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का शुक्रवार सुबह करीब 4.36 बजे निधन हो गया। वे 60 साल के थे। उन्हें फोर्थ स्टेज लिवर कैंसर था। कुछ दिन पहले उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें अलीगढ़ से ग्रेटर नोएडा के प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। वहां उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। पार्थिव शरीर को अलीगढ़ ले आया गया। रिंकू टी-20 वर्ल्ड कप छोड़कर चेन्नई से अलीगढ़ अपने घर पहुंचे। पिता की अर्थी को कंधा दिया। अंतिम यात्रा के बाद शंकर विहार स्थित श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। बड़े बेटे सोनू ने पिता को मुखाग्नि दी। इससे पहले, पिता की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलते ही रिंकू सिंह मंगलवार को टीम इंडिया का साथ छोड़कर नोएडा पहुंचे थे। उन्हें टी-20 विश्वकप का प्रैक्टिस सेशन छोड़ना पड़ा था। 25 फरवरी को रिंकू चेन्नई लौट गए थे और टीम के साथ जुड़ गए थे।

# राफेल, सुखोई, मिराज, पोखरण में एयरफोर्स ने दिखाई जंगी ताकत

### ऑपरेशन सिंदूर की दिखी झलक

**एजेंसी। पटना**

जैसलमेर जिले में थार के रेगिस्तानी इलाके में एयरफोर्स ने वायुशक्ति अभ्यास में अपनी जंगी ताकत दिखाई. अभ्यास के दौरान तीन किलोमीटर के इलाके में फैले लक्ष्यों को निशाना बनाया गया. प्रदर्शन के लिए बनाए गए लक्ष्यों में दुश्मन का रनवे, पेट्रोलियम भंडार, बंकर, राडार स्थल, टैंक, सशस्त्र काफिले, कम्युनिकेशन सेंटर, आतंकी शिविर, शस्त्र भंडार और हैंगर शामिल थे.भारतीय वायुसेना ने शुक्रवार को भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास पोखरण में ह्यवायुशक्तिह्न अभ्यास में अपनी ताकत का प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी मौजूद रहीं. जैसलमेर जिले में थार के रेगिस्तानी इलाके में इस अभ्यास में वायुसेना ने अपनी जंगी ताकत और ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न के दौरान किए गए मिशन की झलक दिखाई.शुक्रवार शाम शुरू हुए इस अभ्यास के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत मौजूद रहे. कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत से हुई. वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे. अभ्यास के दौरान तीन किलोमीटर के इलाके में फैले लक्ष्यों को निशाना बनाया गया. प्रदर्शन के लिए बनाए गए लक्ष्यों में दुश्मन का रनवे, पेट्रोलियम भंडार, बंकर, रडार स्थल, टैंक और सशस्त्र काफिले, संचार केंद्र, आतंकवादियों के शिविर, शस्त्र भंडार एवं हैंगर शामिल थे।



### आतंकी शिविर पर हमला

इसके तहत जगुआर और मिराज लड़ाकू विमानों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपने हमले के समन्वित तरीके को दोहराते हुए एक साथ लक्ष्यों को निशाना बनाया. सुखोई लड़ाकू विमान ने आतंकी शिविर पर हमला किया. स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड ने नकल रीफ्यूलिंग पॉइंट पर हमला करके अपनी फुर्ती दिखाई. अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर, मिराज लड़ाकू विमान और एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर ने भी समन्वित ऑपरेशन में हिस्सा लिया।

# आरएसएस के संगठन में हो सकता है बड़ा बदलाव
## 13 मार्च से 15 तक बैठक में अहम फैसले संभव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी फ्रर की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा इस वर्ष हरियाणा के समालखा में 13 मार्च से 15 मार्च 2026 तक आयोजित हो रही है। संघ की दृष्टि से यह सर्वोच्च निर्णायक की इकाई की बैठक होती है। बैठक में वर्तमान राष्ट्रीय परिदृश्य पर चर्चा के साथ ही कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर प्रस्ताव भी पारित किए जाएंगे। संघ शिक्षा वर्ग, तथा कार्यकर्ता विकास वर्ग साहित्य में प्रशिक्षण वर्गों की योजना पर विचार विमर्श तथा आगामी वर्ष की संघ कार्य योजना का निर्धारण किया जाएगा। संघ की दृष्टि से ये महत्वपूर्ण बैठक होती है। इसमें वर्ष भर के कामों पर चर्चा की जाती है एवं भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की जाती है। संघ की प्रचार की दृष्टि से महानगर, प्रांत क्षेत्र इस व्यवस्था के तहत संघ का प्रचार प्रसार बढ़ाया जाता है। फ्रर के विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में संगठनात्मक बदलाव करने की तैयारी कर ली है, जिसकी चर्चा इस सभा में होने कि पूरी सम्भावना जताई जा रही है। 13 मार्च से 15 मार्च के बीच में यहां पर मुहर लग जाने के बाद, मार्च 2027 की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा जो कि नागपुर में होगी उस समय इसकी घोषणा करके उसे लागू कर दिया जाएगा।

### प्रधानामंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे सेमीकंडक्टर प्लांट का उद्घाटन

# पीएम मोदी का राजस्थान-गुजरात दौरा करोड़ों की परियोजनाओं की देंगे सौगात



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को राजस्थान और गुजरात के महत्वपूर्ण दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे देश की महिलाओं के स्वास्थ्य, युवाओं के रोजगार और भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता से जुड़ी कई बड़ी परियोजनाओं की शुरूआत करेंगे। प्रधानमंत्री सुबह करीब 11:30 बजे राजस्थान के अजमेर पहुंचेंगे। यहां वे 16,680 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। ये प्रोजेक्ट्स मुख्य रूप से शहरी विकास, स्वच्छ पेयजल, सड़क नेटवर्क, सिंचाई, ऊर्जा और औद्योगिक बुनियादी ढांचे से संबंधित हैं। इस अवसर पर वे एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे। महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में प्रधानमंत्री अजमेर से एक ऐतिहासिक कदम उठाएंगे। वे 14 साल की लड़कियों के लिए 'ह्यूमन पेपिलोमावायरस' (एचपीवी) वैक्सीनेशन का राष्ट्रव्यापी अभियान लॉन्च करेंगे। इस पहल का मकसद सर्वाइकल कैंसर को रोकना है, जो महिलाओं में कैंसर से जुड़ी बीमारियों के मुख्य कारणों में से एक है और यह देश भर में लड़कियों और महिलाओं की लंबे समय तक सेहत की सुरक्षा में एक अहम मील का पत्थर है। कनेक्टिविटी को रफ्तार देने के लिए प्रधानमंत्री कई नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करेंगे। इनमें जयपुर से बांदीकुई के बीच 4-लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे, अमृतसर-जामनगर इकोनॉमिक कॉरिडोर का एक हिस्सा और दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेसवे का 8-लेन सेक्शन शामिल है। इसके अलावा जोधपुर में 4-लेन एलिवेटेड रोड और बारां जिले में नए स्टेट हाईवे का शिलान्यास भी होगा।

### पेयजल और ऊर्जा क्षेत्र में सुधार

हर घर तक साफ पानी पहुंचाने के संकल्प के तहत प्रधानमंत्री नोनेरा और परवन अकवाड़ पेयजल परियोजनाओं के कई पैकेजों की नींव रखेंगे। साथ ही, राजस्थान को रिन्यूएबल एनर्जी का हब बनाने के लिए वे नए ट्रांसमिशन सिस्टम का उद्घाटन करेंगे। वे पांच 220 केवी और दो 400 केवी ग्रिड सबस्टेशन का शिलान्यास भी करेंगे ताकि बिजली की सप्लाई बिना रुकावट हो सके।

### पीएम युवाओं को देंगे नियुक्ति पत्र

रोजगार के मोर्चे पर प्रधानमंत्री राजस्थान के विभिन्न सरकारी विभागों में चयनित 21,800 से अधिक नए युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटेंगे। यह कदम युवाओं को सशक्त बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### गुजरात में सेमीकंडक्टर क्रांति का आगाज

इसके बाद दोपहर करीब 3 :45 बजे प्रधानमंत्री गुजरात के साणंद पहुंचेंगे। यहां वे माइक्रोन कंपनी की सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्ट और पैकेजिंग (एटीएमपी) फैसिलिटी का उद्घाटन करेंगे। यह भारत के सेमीकंडक्टर मिशन के तहत मंजूर पहला प्रोजेक्ट है, जिसकी लागत 22,500 करोड़ रुपये से अधिक है। वह इस मौके पर मौजूद लोगों को भी संबोधित करेंगे।

# दिल्ली शराब नीति केस, केजरीवाल बोले... मोदी-शाह ने साजिश रची

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली शराब नीति मामले से जुड़े सीबीआई केस में बरी होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पार्टी दफ्तर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पूर्व सीएम ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने हमारे खिलाफ षड्यंत्र रचा। वे आप को हरा नहीं पाए तो खत्म करने जुट गए। केजरीवाल ने कहा- आज मेरे दिल से बड़ा बोझ उतर गया है। मोदी-शाह ने हमारे खिलाफ इतने केस बनाए। हमारे पीछे ईडी सीबीआई, पुलिस छोड़ी। एक समय आप के टॉप 5 नेता जेलमें थे, लेकिन आप कुछ नहीं बिगाड़ सके। अब तो केवल कत्ल कराकर ही केजरीवाल को कंट्रोल कर सकते हैं। पूर्व सीएम ने कहा- भाजपा ने पिछले 4 साल शराब घोटाला शब्द का खूब इस्तेमाल किया। आज के समय में जब सारी संस्थाओं, अथॉरिटीज को धमकाया का जा रहा है तब कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला दिया है। इतना बड़ा न्याय करने के लिए जज साहब ने वाकई बहुत हिम्मत दिखाई है। ज्यूडिशियरी और जज का बहुत धन्यवाद। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली शराब नीति मामले से जुड़े सीबीआई केस में शुक्रवार सुबह केजरीवाल और मनीष सिसोदिया सहित सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया है। कोर्ट ने सीबीआई को भी कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसी की चार्जशीट में कई ऐसी खामियां हैं जिनका किसी गवाह या बयान से कोई लेना-देना नहीं है। स्पेशल जज जितेंद्र सिंह ने कहा कि केजरीवाल को बिना किसी ठोस सबूत के फंसाया गया है। कोर्ट ने सिसोदिया और अन्य आरोपियों को आरोपमुक्त करते हुए कहा कि सीबीआई आरोप साबित करने में विफल रही है।



# कोलकाता सहित बंगाल के कई जिलों में भूकंप, 5 .5 तीव्रता

**एजेंसी। कोलकाता**

कोलकाता और पश्चिम बंगाल के आसपास के जिलों में शुक्रवार दोपहर करीब 1.22 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। कोलकाता में लगभग 10 सेकंड तक झटके महसूस हुए, जिससे लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए। भूकंप का केंद्र बांग्लादेश के सतखीरा जिले में जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर था। इसकी तीव्रता 5 .5 दर्ज की गई। सतखीरा कोलकाता से लगभग 100 किलोमीटर दूर और नॉर्थ 24 परगना जिले से महज 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। कोलकाता में भूकंप के बाद करीब एक घंटे तक सड़कों और खुले जगहों पर अफरातफरी की स्थिति रही। सोशल मीडिया पर कई वीडियो सामने आए, जिसमें भूकंप के दौरान घरों में रखे सामान और पंखे हिलते दिखाई दिए। टेबल पर बोतल में रखा पानी भी हिल रहा था। कोलकाता के अलावा हावड़ा, हुगली, झाड़ग्राम और पश्चिम मेदिनीपुर जिलों में भी लोग दहशत में रहे। अब तक जानमाल के नुकसान या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है। हालांकि कोलकाता में कुछ ऑफिस के कर्मचारियों ने दावा किया कि झटकों के कारण दीवारों में दरारें आ गईं।बेहाला इलाके में सड़क के एक बड़े हिस्से में दरारें और धंसने की घटना सामने आई है। स्थानीय लोगों का दावा है कि यह नुकसान भूकंप के झटकों की वजह से हुआ।






# प्रेम की पुकार पर उतरते हैं प्रभु : भागवत कथा में गूंजा अवतार का संदेश

**केटी न्यूज/बक्सर**

शहर में उषा सिन्हा के सौजन्य से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा पंडाल भक्ति रस में डूबा नजर आया। कथा के दौरान भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के अवतार प्रसंगों का ऐसा भावपूर्ण वर्णन हुआ कि श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे।



कथावाचक अशोक मिश्र ने कहा कि ईश्वर का अवतार केवल दुष्टों के विनाश के लिए नहीं, बल्कि भक्तों के प्रेम की पुकार का उत्तर भी है। उन्होंने समझाया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है और सज्जन पीड़ित होते हैं, तब प्रभु अवतरित होते हैं। लेकिन उनका साक्षात आगमन भक्त के निष्कलुष प्रेम और समर्पण से ही संभव होता है। ह्लअसुरों का संहार तो प्रभु संकल्प मात्र से कर सकते हैं, परंतु भक्त के प्रेम से बंधकर ही वे धरती पर आते हैं,ह्व यह कहते ही पंडाल तालियों से गूंज उठा। कथा में मनु जी के वैराग्य का प्रसंग भी सुनाया गया। कथावाचक ने बताया कि जब मनु जी को जीवन की नश्वरता का बोध हुआ, तब उन्होंने राज-पाट त्यागकर कठोर तप किया। उसी तपस्या का फल था कि अगले जन्म में वे दशरथ-कौशल्या बने और उनके आंगन में स्वयं नारायण ने श्रीराम के रूप में जन्म लिया। अशोक मिश्र ने कहा कि श्रीराम केवल एक अवतार नहीं, बल्कि आदर्श जीवन की जीती-जागती मिसाल हैं। उन्होंने माता-पिता की आज्ञा, भ्रातृ प्रेम, मित्रता और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों के प्रति अपनत्व का संदेश दिया। शबरी, निषादराज और वानर-भालुओं को गले लगाकर उन्होंने सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।कथा के समापन पर महाआरती हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर पुण्य अर्जित किया। पूरा वातावरण जय श्रीराम और राधे-राधे के जयघोष से गुंजायमान रहा।

# होली 2026 : बक्सर में चौकस प्रशासन 102 दंडाधिकारी और 31 गश्ती दल तैनात




■ **जिलाधिकारी साहिला व एसपी शुभम आर्य की संयुक्त ब्रीफिंग, क्यूआरटी, नाव गश्ती और साइबर निगरानी का सख्त इंतजाम**

**केटी न्यूज/बक्सर**

होली पर्व 2026 को लेकर बक्सर जिला प्रशासन ने विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक और बहुस्तरीय सुरक्षा इंतजाम किए हैं। शुक्रवार को नगर भवन में जिलाधिकारी साहिला और पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने संयुक्त रूप से दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और संबंधित विभागों के अधिकारियों की विस्तृत ब्रीफिंग की। स्पष्ट निर्देश दिया गया कि सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, गश्ती दल दंडाधिकारी, जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस बल 2 मार्च की अपराह्न तक अपने-अपने तैनाती स्थल पर पहुंच जाएं और 4 मार्च तक अथवा स्थिति सामान्य होने तक मुस्तैद रहें।

**अनुमंडल स्तर पर कड़ी मॉनिटरिंग :** प्रशासन ने अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बक्सर और डुमरांव को अपने-अपने क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था की सीधी जिम्मेदारी सौंपी है। दोनों अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे 2 मार्च की अपराह्न तक यह सुनिश्चित कर लें कि सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस बल अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंच चुके हैं। साथ ही नियमित भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते रहें। सभी थानाध्यक्ष, ओपी अध्यक्ष, पुलिस निरीक्षक, अंचलाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी को क्षेत्र में आसूचना संग्रह करने तथा स्वयं भी भ्रमणशील रहकर हालात की निगरानी का निर्देश दिया गया है।

**साफ-सफाई से लेकर बिजली मरम्मत तक अलर्ट :** नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को होली के अवसर पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है। वहीं होलिका दहन के दौरान विशेष सतर्कता बरतने पर जोर दिया गया। जिला अग्निशमन पदाधिकारी को निर्देश है कि जिला नियंत्रण कक्ष, समाहरणालय, मॉडल थाना बक्सर और डुमरांव थाना में एक-एक अग्निशमन वाहन एवं दल तैयार हालत में तैनात रखें। विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया है कि होलिका दहन स्थलों और जुलूस मार्गों पर लटकते एवं खुले तारों की सूची लेकर उनकी मरम्मत तत्काल कराएं।

**24 घंटे सक्रिय रहेगा जिला नियंत्रण कक्ष :** होली के दौरान किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष समाहरणालय परिसर स्थित जिला आपदा शाखा में कार्यरत रहेगा। इसका दूरभाष नंबर 06183-223333 जारी किया गया है। नियंत्रण कक्ष के प्रभार में डीआरडीए निदेशक अरविंद कुमार सिंह (मो. 9031071430) एवं अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजय कुमार झा (मो. 9608672554) को प्रतिनियुक्त किया गया है। वितंतु पर्यवेक्षक, बिहार पुलिस रेडियो को 2 मार्च से 4 मार्च तक सभी वायरलेस सेट 24 घंटे चालू रखने का निर्देश दिया गया है, ताकि आदेश-निर्देश का त्वरित संप्रेषण हो सके।

## साइबर सेल की सोशल मीडिया पर पैनी नजर

पुलिस उपाधीक्षक, साइबर थाना बक्सर एवं अनुमंडल स्तरीय अधिकारी ह्लसाइबर सेनानीह्व व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सोशल मीडिया पर लगातार नजर रखेंगे। किसी भी भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## अस्पताल और एंबुलेंस अलर्ट मोड में

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि सदर अस्पताल बक्सर, अनुमंडलीय अस्पताल डुमरांव तथा सभी प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की टीम, पर्याप्त दवाइयों और एंबुलेंस के साथ तैयार रहे। सरकारी व निजी अस्पतालों को भी अलर्ट मोड में रखा गया है।

## क्यूआरटी और नाव गश्ती से मद्य निषेध पर शिकंजा

होली के दौरान आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए क्विक रिस्पॉन्स टीम का गठन किया गया है। सूचना मिलते ही टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करेगी। अनुमंडल स्तर पर भी अतिरिक्त क्यूआरटी गठित करने का निर्देश है।
शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधीक्षक मद्य निषेध को चिन्हित स्थलों पर लगातार छापेमारी और निगरानी का निर्देश दिया गया है। नदी क्षेत्रों में संभावित तस्करी को रोकने के लिए थानावार नाव गश्ती कराई जाएगी। संभावित घाटों पर विशेष निगरानी रखते हुए दंडाधिकारी और पुलिस बल तैनात रहेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर और डुमरांव को नाव की उपलब्धता सुनिश्चित कराने और पर्यवेक्षण का दायित्व सौंपा गया है। साथ ही नियमित मोटरसाइकिल गश्ती भी कराई जाएगी।

## 102 दंडाधिकारी, 31 गश्ती दल और 2 जोनल दंडाधिकारी तैनात

प्रशासन ने होली के लिए कुल 102 दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी/बल, 31 गश्ती दल और 2 जोनल दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति का निर्णय लिया है। सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सतत भ्रमणशील रहकर प्रशासनिक सतर्कता बरतने और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हरसंभव कदम उठाने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी और एसपी ने स्पष्ट संदेश दिया कि होली सौहार्द और उल्लास का पर्व है, लेकिन कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। प्रशासन ने आमजन से भी सहयोग और शांति बनाए रखने की अपील की है।

## एक नजर

### पुराना भोजपुर में ट्रक व ई-रिक्शा की टक्कर, आधा दर्जन जख्मी, एक गंभीर

**डुमरांव।** नया भोजपुर थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर के समीप एक ट्रक व ई-रिक्शा की टक्कर में ई-रिक्शा पर सवार आधा दर्जन यात्री जख्मी हो गए। इनमें भोजपुर जिले में पदस्थापित एक सरकारी डॉक्टर भी शामिल है, जिन्हें इस दुर्घटना में गंभीर चोटें आई है। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। हालांकि, इस हादसे की जानकारी स्थानीय पुलिस को नहीं मिल पाई है। बताया जा रहा है कि यह हादसा एनएच 922 पर हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी जख्मियों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जबकि, दुर्घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक मौके का फायदा उठा अपने वाहन के साथ फरार हो गया है। बता दें कि एनएच 922 आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। पिछले दो महीने के दौरान दो दर्जन से अधिक लोगों की मौत एनएच 922 पर हो चुकी है। शुक्रवार को पुराना भोजपुर के पास हुआ हादसा इसका प्रमाण है। नया भोजपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि उन्हें इस हादसे की जानकारी नहीं मिली है।

### अतिमी पंचायत में पशु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित, 150 परिवारों को मिला लाभ




**नावानगर।** प्रखंड के अतिमी पंचायत स्थित सामुदायिक भवन परिसर में शुक्रवार को जीविका नवानगर की ओर से पशु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख अंकित कुमार, मुखिया ज्योति गुप्ता, प्रखंड परियोजना प्रबंधक जीविका पप्पू प्रसाद, पशुपालन पदाधिकारी ओमकार नाथ भास्कर तथा देवशक्ति संकुल संघ की अध्यक्ष कविता देवी एवं सचिव सीता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में लगभग 150 परिवारों ने अपने पशुओं के साथ भाग लिया और निशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाया। कार्यक्रम के दौरान शिविर में लाए गए पशुओं का मुफ्त इलाज और जांच की गई। अनुभवी एवं सरकारी पशु चिकित्सकों द्वारा पशुपालकों को आवश्यक परामर्श भी दिया गया। साथ ही गाय, भैंस, पड़ा-पाड़ी आदि को एफएमडी (खुरपका-मुंहपका) का निशुल्क टीकाकरण किया गया तथा बकरी एवं भेड़ में पीपीआर का टीकाकरण किया गया। पशुओं को कृमिनाशक दवा भी मुफ्त वितरित की गई। विशेषज्ञों ने पशुपालकों को पशुओं के नियमित टीकाकरण, संतुलित आहार और साफ-सफाई के महत्व के बारे में जागरूक किया। वक्ताओं ने कहा कि पशुधन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और उसके स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। शिविर का मंच संचालन जीविकोपार्जन विशेषज्ञ अखिलेश दीक्षित एवं मोहम्मद याकूब ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सामुदायिक समन्वयक महेश कुमार, उदय कुमार, शंभू कुमार, फूलकुमारी, संभा कुमारी, कंचन कुमारी सहित अन्य कैडर और सैकड़ों जीविका दीदियां उपस्थित रहीं। शिविर के सफल आयोजन से क्षेत्र के पशुपालकों में उत्साह देखा गया।

### चक्की पुलिस की सख्ती से 80 लीटर शराब जब्त

**चक्की।** बिहार में लागू पूर्ण शराबबंदी के बीच अवैध कारोबारियों की सक्रियता एक बार फिर सामने आई है। चक्की थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए करीब 80 लीटर देशी-विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई लक्ष्मण डेरा भागड़ त्रिमुहानी के पास गुप्त सूचना के आधार पर की गई। थानाध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि मोटरसाइकिल से शराब की खेप क्षेत्र से गुजरने वाली है। सूचना मिलते ही पुलिस ने इलाके में घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका। तलाशी के दौरान बाइक सवार के पास से अलग-अलग ब्रांड की भारी मात्रा में शराब बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान व्यासी निवासी नन्हू यादव, पिता सुरेंद्र यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से 200 एमएल की 270 बोतल (54 लीटर) और 180 एमएल की 144 बोतल (करीब 25.92 लीटर) जब्त की है। कुल 79.92 लीटर शराब बरामद की गई। शराब ढुलाई में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू कराने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर शराब के स्रोत और नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि अवैध कारोबार में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर जल्द ही उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## ऋण वितरण में तेजी, 8 लाभुकों को स्वीकृति, 4 को मिला भुगतान

**बक्सर।** समाहरणालय सभाकक्ष में छह फरवरी को आयोजित ऋण वितरण कैम्प में जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में दिए गए निदेर्शों के आलोक में उद्योग विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। जिला उद्योग केन्द्र, बक्सर द्वारा विभिन्न शाखा प्रबंधकों के साथ समन्वय स्थापित कर विभागीय योजनाओं के अंतर्गत लाभुकों को ऋण स्वीकृति एवं भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाई जा रही है। जिलाधिकारी ने कैंप के दौरान स्पष्ट निर्देश दिया था कि योजनाओं का लाभ पात्र उद्यमियों तक शीघ्रता से पहुंचे और लंबित आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। इसी कड़ी में उद्योग विभाग के पदाधिकारियों ने बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ समन्वय बैठकें कर लंबित मामलों की समीक्षा की। इसके बाद जिला उद्योग केन्द्र कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर उद्यमियों से संवाद स्थापित किया गया, ताकि आवश्यक दस्तावेजों की कमी अथवा अन्य औपचारिकताओं को तत्काल पूरा कराया जा सके। विभागीय जानकारी के अनुसार 19 फरवरी के उपरांत संचालित योजनाओं के अंतर्गत अब तक 8 लाभुकों के ऋण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, जबकि 4 लाभुकों के खातों में ऋण राशि का भुगतान भी सुनिश्चित कराया गया है।

# बक्सर सेंट्रल जेल में बंदी की संदिग्ध स्थिति में मौत, परिजनों ने सदर अस्पताल में काटा बवाल

■ **हत्या का आरोप लगाकर परिजनों का अस्पताल में हंगामा**

**केटी न्यूज/बक्सर**

केंद्रीय कारा बक्सर में बंद एक 32 वर्षीय बंदी की संदिग्ध मौत के बाद शुक्रवार को शहर का माहौल गरमा गया। सुबह करीब सात बजे तबीयत बिगड़ने के बाद बंदी की मौत की सूचना मिलते ही जेल कर्मियों ने शव को सदर अस्पताल पहुंचाया। लेकिन जैसे ही परिजन अस्पताल पहुंचे, उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा शुरू कर दिया। करीब दो घंटे तक अस्पताल परिसर में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही।

मृतक की पहचान जेल नगर पइन रोड निवासी केदार सिंह के पुत्र राजेंद्र प्रसाद के रूप में हुई है। उन्हें 12 फरवरी को शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जेल सूत्रों के अनुसार तबीयत खराब होने पर उन्हें अस्पताल वार्ड में रखा गया था, जहां शुक्रवार की सुबह अचानक हालत बिगड़ी और मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि यह सामान्य मौत नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या है। मृतक के भाई राजू कुमार ने कहा कि दो दिन पहले ही वह जेल में राजेंद्र से मिलकर आए थे और उस समय उनकी हालत सामान्य थी। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर तबीयत खराब थी तो हमें सूचना क्यों नहीं दी गई। शव को अस्पताल में लावारिस की तरह क्यों छोड़ दिया गया। मृतक की बहन रीना कुमारी ने आरोप लगाया कि राजेंद्र को आधी रात घर से गिरफ्तार किया गया और बेरहमी से मारपीट की गई। उन्होंने कहा कि उनके शरीर पर चोट के निशान थे,



जिससे स्पष्ट है कि उनके साथ हिंसा हुई। उन्होंने कहा कि मृतक के दो छोटे बच्चे हैं और परिवार को न्याय मिलना चाहिए। घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ गौरव पांडेय, नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह और अंचलाधिकारी अस्पताल पहुंचे। काफी समझाने-बुझाने के बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए। एसडीपीओ ने कहा कि परिजनों द्वारा लगाए गए आरोप गंभीर हैं और उनकी जांच के लिए टीम गठित की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट हो पाएंगे। इस मामले ने राजनीतिक रंग भी पकड़ लिया है। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अभिमन्यु कुशवाहा ने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि आवश्यकता हो तो मानवाधिकार आयोग से भी जांच कराई जानी चाहिए, ताकि सच्चाई सामने आ सके। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट का इंतजार है। लेकिन सवाल बरकरार है कि क्या यह महज तबीयत बिगड़ने से हुई मौत है या फिर बंदी की मौत के पीछे कोई और कहानी छिपी है। प्रशासनिक जांच के नतीजे अब पूरे जिले की निगाहों में हैं।

# होली पर्व को लेकर सोनवर्षा थाना में शांति समिति की बैठक, सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील

**केटी न्यूज/नावानगर**

होली पर्व को लेकर सोनवर्षा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने की। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का पर्व है। इसे शांति एवं सद्भाव के साथ मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि पर्व के दौरान किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। हुड़दंग, जबरन रंग लगाने, डीजे पर अश्लील गीत बजाने तथा नशिली पदार्थ की सेवन कर उपद्रव करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी



भी दी गई। उन्होंने बताया कि होली के दिन एवं पूर्व संध्या पर पुलिस की विशेष गश्ती दल तैनात रहेगी। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था की जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट साझा करने वालों पर भी निगरानी रखी जाएगी। अंत में थानाध्यक्ष ने सभी लोगों से प्रशासन का सहयोग करने तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।बैठक में मुन्ना तिवारी, ददन आजाद, मुखिया प्रतिनिधि अजय सिंह, रामदेव सिंह, पूर्व मुखिया विरेन्द्र चौधरी, कलामुद्दीन, अशोक सिंह, अजमेर खां, विश्राम सिंह समेत अन्य लोगों ने अपने विचार रखे और प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया। सभी ने एक स्वर में क्षेत्र में शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ होली मनाने का संकल्प लिया।






# हिंदू सम्मेलन में एकजुटता व सांस्कृतिक चेतना का दिया गया संदेश

■ **भक्ति संगीत और प्रवचन से बड़ी संगत मठिया का माहौल हुआ भक्तिमय**



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव नगर स्थित बड़ी संगत मठिया परिसर में शुक्रवार को भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र केशरी ने की, जबकि संचालन अमित कुमार एवं मनोज केशरी ने संयुक्त रूप से किया।

सम्मेलन का शुभारंभ सामूहिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्वलन के दौरान उपस्थित अतिथियों ने समाज में आपसी सौहार्द, सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और संगठन की मजबूती पर बल दिया। मंच पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह राजेंद्र ठाकुर, नंदजी दुबे, बाल गोपाल दास, बिहारी लाल यादव, नगर परिषद की पहली महिला चेयरमैन मीरा देवी एवं निवर्तमान चेयरमैन सुनीता गुप्ता सहित कई प्रमुख लोग मंचासीन रहे।

अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति की मूल भावना "वसुधैव कुटुंबकम्" है, जो समूचे समाज को एक सूत्र में पिरोने का संदेश देती है। उन्होंने युवाओं से सामाजिक समरसता, नैतिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता और एकजुटता को सुदृढ़ करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान भक्ति संगीत ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। विनय मिश्रा, दीपक पांडेय और प्रियांसी यादव ने अपने भजनों की प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही हिंदुत्व विषयक कथा एवं प्रवचन ने सम्मेलन को वैचारिक ऊंचाई प्रदान की। आयोजन समिति की ओर से कार्यक्रम की व्यवस्था सुसंगठित रही। समिति में कोषाध्यक्ष रमेश केशरी, रघुबर, भिखारी पाल, दिनेश पाठक, अमित कुमार, मोहन केशरी, मनीष, बिरेंद्र राय एवं सुधीर वर्मा सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया गया। अंत में आयोजकों ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया।

## डुमरांव थाने में डीआईजी का वार्षिक निरीक्षण, कानून-व्यवस्था से लेकर मालखाना तक की गहन समीक्षा

# पुलिस की जवाबदेही और पारदर्शिता ही जनता के भरोसे की बुनियाद है : डीआईजी




■ **कई बिंदुओं पर थानाध्यक्ष व पुलिस पदाधिकारियों को दिए संदेश, मौजूद रहे एसपी व एसडीपीओ**

केटी न्यूज/डुमरांव

होली से पहले पुलिस महकमे की चौकसी और जवाबदेही को परखने के लिए शुक्रवार को डुमरांव थाना परिसर में डीआईजी सत्यप्रकाश ने वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कानून-व्यवस्था, लंबित कांडों की प्रगति, रिकॉर्ड संधारण, मालखाना व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की रणनीति की बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण की शुरूआत थाना परिसर के भौतिक सत्यापन से हुई। डीआईजी ने रिकॉर्ड रूम में अभिलेखों के रख-रखाव, केस डायरी के अद्यतन स्थिति और जब्त सामानों की सूची का मिलान किया। मालखाना में रखे जब्त वाहनों और अन्य सामग्रियों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देते हुए उन्होंने पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि "पुलिस की कार्यशैली में जवाबदेही और पारदर्शिता ही जनता के भरोसे की बुनियाद है" आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निपटारे और फरियादियों के साथ संवेदनशील व्यवहार पर भी उन्होंने जोर दिया।

**टॉप तीनों स्थानों पर छात्राओं की चमक :** प्रतियोगिता में आयुषी और अंशु की जोड़ी ने प्रथम स्थान हासिल कर बाजी मारी। दूसरे स्थान पर अंशिका और अनुष्का की टीम रही, जबकि तीसरा स्थान शुभांगी और मुस्कान की जोड़ी ने प्राप्त किया। उल्लेखनीय तथ्य यह रहा कि शीर्ष तीनों स्थानों पर छात्राओं की जोड़ी ने कब्जा जमाया, जिसने कार्यक्रम को खास बना दिया। डीआईजी ने विजेताओं को मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। अन्य प्रतिभागियों को एसडीपीओ पोलस्त कुमार ने सम्मानित किया। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ज्ञान और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है।

**पुलिस-पब्लिक मैत्री का संदेश :** कार्यक्रम का समापन सामुदायिक पुलिसिंग के संदेश के साथ हुआ। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में जागरूकता बढ़ती है और पुलिस के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होती है। डुमरांव थाना परिसर में एक ही मंच पर प्रशासनिक सख्ती और बौद्धिक उत्सव का यह संगम देखने को मिला, जहां एक ओर कानून-व्यवस्था की धार को तेज करने की समीक्षा हुई, वहीं दूसरी ओर छात्र प्रतिभाओं को सम्मानित कर भविष्य की उम्मीदों को पंख दिए गए।

### अपराध नियंत्रण पर कड़ा रुख

होली के मद्देनजर डीआईजी ने अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। शराब तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने, फरार अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी और लंबित कांडों के शत-प्रतिशत निष्पादन पर बल दिया गया। उन्होंने तकनीक के अधिकतम उपयोगकृसीसीटीवी मॉनिटरिंग, डिजिटल रिकॉर्डिंग और डेटा विश्लेषण के जरिए अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने की बात कही। गश्ती व्यवस्था को और सक्रिय रखने तथा संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान बक्सर के पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य समेत अन्य पदाधिकारियों ने क्षेत्र की वर्तमान अपराध स्थिति और सामुदायिक पुलिसिंग के प्रयासों की जानकारी प्रस्तुत की। प्रशिक्षु दरोगाओं और जवानों से संवाद करते हुए डीआईजी ने ईमानदारी, अनुशासन और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि "पुलिस और जनता के बीच विश्वास ही प्रभावी कानून-व्यवस्था की असली ताकत है।" थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने भरोसा दिलाया कि दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा और सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाया जाएगा। एसडीपीओ पोलस्त कुमार ने कहा कि पुलिस-पब्लिक मैत्री संबंध को मजबूत करने के प्रयास लगातार जारी रहेंगे। इस मौके पर बक्सर एसपी शुभम आर्य, डुमरांव एसडीपीओ पोलस्त कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर अरविंद कुमार, थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा समेत कई अन्य

### ज्ञान की जंग में बेटियों का परचम, डीआईजी ने विजेताओं को किया सम्मानित

वार्षिक निरीक्षण के साथ ही डुमरांव थाना परिसर में उत्साह का रंग भी देखने को मिला। बिहार पुलिस सप्ताह के तहत आयोजित क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को डीआईजी ने सम्मानित किया। कार्यक्रम ने पुलिस-जन संवाद को नई ऊर्जा दी। गुरुवार को आयोजित इस प्रतियोगिता में 17 जोड़ी यानी कुल 34 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में 170 प्रश्न पूछे गए, प्रत्येक प्रश्न एक अंक का था और गलत उत्तर पर नेगेटिव मार्किंग की व्यवस्था ने मुकाबले को और रोमांचक बना दिया। सामान्य ज्ञान, समसामयिक घटनाक्रम, कानून और पुलिस व्यवस्था से जुड़े सवालों ने प्रतिभागियों की बौद्धिक क्षमता को परखा।

## एक नजर

### पुलिस सप्ताह में तियरा विद्यालय बना प्रतिभा का मंच



**राजपुर।** प्रखंड के तियरा स्थित प्लस टू रघुवंशी कुंवरी उच्च विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम ने बिहार पुलिस सप्ताह को एक नई पहचान दी। सांस्कृतिक रंगों से सजे इस आयोजन में अंतर-विद्यालय नृत्य एवं संगीत प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने न केवल अपनी कला का प्रदर्शन किया, बल्कि सामाजिक सरोकारों का प्रभावी संदेश भी दिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में थानाध्यक्ष निवास कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि पुलिस सप्ताह का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं, बल्कि समाज और पुलिस के बीच विश्वास की मजबूत कड़ी स्थापित करना भी है। विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों के पालन, नशा उन्मूलन, साइबर अपराध से सतर्कता और महिला उत्पीड़न के विरुद्ध जागरूक रहने की सीख दी गई। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी समस्या की स्थिति में पुलिस सदैव मदद के लिए तत्पर है।

एसआई प्रमोद कुमार ने अनुशासन को सफलता की कुंजी बताते हुए छात्रों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ब्रजेश राय ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में सामाजिक जिम्मेदारी और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। कार्यक्रम में छात्राओं ने मिथिला लोकनृत्य झीझिया, होली गीत, देशभक्ति और सामाजिक विषयों पर आधारित प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में सोनम कुमारी प्रथम, रागिनी कुमारी द्वितीय तथा अनु दूबे तृतीय स्थान पर रहीं, जबकि भाषण प्रतियोगिता में निष्ठा कुमारी ने बाजी मारी। विजेताओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्याम नारायण ठाकुर ने किया। मौके पर एसआई वकार अहमद, अनिषा भारती समेत विद्यालय के शिक्षकगण और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मटकीपुर में पुआल के ढेर में लगी आग, बुझ गया घर का चिराग

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले के धनसोई थाना क्षेत्र अंतर्गत मटकीपुर पंचायत में गुरुवार की दोपहर एक ऐसी दर्दनाक घटना घटी, जिसने पूरे गांव को शोक की गहरी चादर में लपेट दिया। खेलते-खेलते छह वर्षीय मासूम आदित्य कुमार की जिंदगी जलते पुआल के ढेर में समा गई। कुछ ही पलों में हंसी-खुशी से गूंजता आंगन चीख-पुकार में बदल गया।

मटकीपुर निवासी राजकुमार साह का पुत्र आदित्य अपने दो भाइयों में सबसे बड़ा था। घर के पीछे अन्य बच्चों के साथ खेलते समय पास में रखे पुआल के ढेर में अचानक आग भड़क उठी। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, मासूम लपटों की चपेट में आ गया। शोर सुनकर दौड़े परिजन जब तक आग पर काबू पाते, तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

गंभीर रूप से झुलसे आदित्य को आनन-फानन में सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह खबर मिलते ही परिवार पर मानो पहाड़ टूट पड़ा। काम से बाहर गए पिता राजकुमार साह जब घर लौटे, तो उनके सामने बेटे की निर्जीव देह थी।





मां और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

घटना के बाद पूरे गांव में सन्नाटा पसरा है। जिस आंगन में आदित्य की किलकारियां गूंजती थीं, वहां अब मातम का माहौल है। ग्रामीणों की आंखें नम हैं और हर कोई इस असमय हुई त्रासदी से स्तब्ध है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। लेकिन गांव वालों के लिए यह सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि एक ऐसा जख्म है, जो लंबे समय तक हरा रहेगा।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को मिला बल

■ **चुरामंनपुर में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम, ग्रामीणों ने लिया कुप्रथा खत्म करने का संकल्प**

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के ग्राम पंचायत चुरामंनपुर में "बाल विवाह मुक्त भारत" विषय पर एक प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बक्सर के तत्वावधान में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के खिलाफ आवाज बुलंद की।

कार्यक्रम में डालसा की सचिव नेहा दयाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बाल विवाह न केवल कानूनन



अपराध है, बल्कि यह बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास पर गंभीर दुष्प्रभाव डालता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कम उम्र में विवाह से विशेषकर बालिकाओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है, शिक्षा बाधित होती है और उनके उज्ज्वल भविष्य पर विराम लग जाता है। इस अवसर पर बक्सर औद्योगिक थाना प्रभारी सुरेश कुमार सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों को बाल विवाह निषेध अधिनियम की जानकारी देते हुए बताया कि इस अपराध में शामिल अभिभावकों एवं सहयोगियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सामाजिक दबाव में आकर कोई ऐसा कदम न उठाएं, जो कानून और समाज दोनों के खिलाफ हो। कार्यक्रम में पैरालीगल वॉलंटियर्स। रामजी यादव, प्रमोद कुमार, शत्रुधन सिन्हा, शालिनी कुमारी, अजीता कुमारी, रुकैया, राम राज सिंह, मंजू कुमारी, ब्रजेश कुमार तथा मनन सिंह—ने सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने घर-घर जागरूकता फैलाने और संदिग्ध मामलों की सूचना संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों को बताया गया कि किसी भी बाल विवाह की सूचना तुरंत प्रशासन, डालसा कार्यालय या टोल-फ्री नंबर 15100 पर दी जा सकती है। साथ ही जरूरतमंदों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे अपने गांव को बाल विवाह मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और इस कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने के लिए एकजुट रहेंगे। जागरूकता और सहभागिता से भरा यह आयोजन सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक सार्थक पहल साबित हुआ।

# नई तकनीक से खेती में क्रांति की तैयारी

■ **किसान मेले में ड्रोन, हाइड्रोपोनिक्स व प्राकृतिक खेती पर जोर, उत्कृष्ट उत्पादों को मिला सम्मान**

**केटी न्यूज/बक्सर**

बदलते दौर में खेती को लाभकारी और टिकाऊ बनाने की दिशा में बक्सर में आयोजित दो दिवसीय किसान मेला-सह-फल-फूल-सब्जी प्रदर्शनी किसानों के लिए नई संभावनाओं का मंच साबित हुआ। बाजार समिति प्रांगण में आयोजित इस मेले में आधुनिक कृषि तकनीकों, प्राकृतिक खेती और मूल्य संवर्धन पर विशेष फोकस रहा। आयोजन कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) की ओर से किया गया।

जिला कृषि पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने किसानों से आह्वान किया कि वे पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक तकनीकों को अपनाकर उत्पादन और आय दोनों बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि ड्रोन के माध्यम से उर्वरक और कीटनाशक का छिड़काव, ड्रीप इरिगेशन, फ्रंट लाइन डेमोन्स्ट्रेशन तथा हाइड्रोपोनिक्स जैसी तकनीकें कम लागत में बेहतर उत्पादन देने में सहायक हैं। आत्मा द्वारा किसानों को देश के प्रतिष्ठित कृषि संस्थानों में प्रशिक्षण दिलाने की योजना भी साझा की गई। सीमैप, लखनऊ तथा भारतीय बीज अनुसंधान संस्थान, मऊ जैसे संस्थानों में प्रशिक्षण के लिए इच्छुक किसान संबंधित प्रखंड के बीटीएम और एटीएम से संपर्क कर सकते हैं।

मेले की खास आकर्षण फल-फूल-सब्जी प्रदर्शनी रही, जिसमें किसानों ने अपनी उत्कृष्ट उपज का प्रदर्शन किया। विभिन्न वर्गों में श्रेष्ठ उत्पाद लाने वाले किसानों को सम्मानित किया गया। सब्जी वर्ग में



अंकित कुमार सिंह प्रथम रहे, जबकि मशरूम, फल और अनाज वर्ग में भी किसानों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर पुरस्कार हासिल किए। विशेष वर्ग में भी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।

आत्मा की ओर से प्राकृतिक खेती और समेकित कीट प्रबंधन का लाइव डेमो प्रस्तुत किया गया। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी विकास कुमार ने बताया कि रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक खेती अपनाने से मिट्टी की उर्वरता, पर्यावरण और स्वास्थ्य तीनों सुरक्षित रहते हैं। उन्होंने कहा कि समेकित कीट प्रबंधन से फसलों की सुरक्षा के साथ लागत में भी कमी आती है।

मेले में कृषि से जुड़े विविध स्टॉलों ने किसानों का ध्यान आकर्षित किया। एफपीओ द्वारा स्ट्रॉबेरी, मशरूम, जैविक उत्पाद और देशी गुड़ का प्रदर्शन किया गया, वहीं आधुनिक कृषि यंत्र, मधु उत्पादन, मोती की खेती और पराली पैकेट जैसे नवाचारों ने किसानों को नई दिशा दिखाई। जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा छह लाभुकों के बीच आईस बॉक्स और जाल का वितरण भी किया गया, जिससे मत्स्य पालन को बढ़ावा मिलेगा।

कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों, आत्माकर्मियों और प्रशिक्षित किसानों ने अपने अनुभव साझा किए। समन्वयक रघुकुल तिलक के निर्देशन में आयोजित यह मेला किसानों के लिए ज्ञान, नवाचार और प्रोत्साहन का प्रभावी मंच बनकर उभरा।

# शराब तस्करी पर पुलिस का शिकंजा सप्लाई चेन खंगालने में जुटी टीम

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने तस्करी के एक नेटवर्क पर प्रहार करते हुए 60 लीटर देशी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई महाराजा कोठी के समीप की गई, जहां गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर छापेमारी की।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार युवक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अखौरीपुर निवासी धर्मेंद्र बिंद के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वह मोटरसाइकिल के जरिए शराब की खेप एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने की तैयारी में था। तलाशी के दौरान उसके पास से 60 लीटर देशी शराब बरामद की गई, जबकि परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को



भी जब्त कर लिया गया।

थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि जिले में शराब तस्करी पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए लगातार छापेमारी और निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अब इस बात की पड़ताल कर रही है कि बरामद शराब कहां से लाई गई थी और किन-किन स्थानों पर इसकी आपूर्ति की जानी थी। इसके लिए संभावित सप्लायर और रिसीवर की पहचान की जा रही है।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि इस गिरफ्तारी के बाद शराब तस्करी से जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचने की कोशिश तेज कर दी गई है। आवश्यक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और जरूरत पड़ने पर अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी की जाएगी।

पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण या परिवहन की जानकारी तुरंत साझा करें, ताकि समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# शिक्षाविद सह सहकारिता सम्राट बाबू तपेश्वर की धूमधाम से मनी 35वीं पुण्यतिथि

■ **बेटियों को साक्षर बनाना ही बाबू तपेश्वर सिंह का था एकमात्र सपना : डॉ. अजय**



**केटी न्यूज/आरा**

शुक्रवार को तपेश्वर सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज एवं संस्कृति पब्लिक स्कूल कायमनगर,आरा के सभागार में तपेश्वर सिंह स्मृति संस्थान के द्वारा शिक्षाविद बाबू तपेश्वर सिंह की 35वीं पुण्यतिथि धूमधाम से मनी। कार्यक्रम का उद्घाटन वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. डॉ. शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी व अतिथि निखिल कुमार पूर्व राज्यपाल,केरल सहित सैकड़ों लोगों ने बाबू तपेश्वर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। उक्त मौके पर डॉ.ओम प्रकाश राय, डॉ. रामकृष्ण ठाकुर कुलसचिव,डॉ.धीरेंद्र कुमार सिंह पूर्व कुलसचिव वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय सहित अन्य अतिथियों ने बाबू तपेश्वर सिंह की तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। वही तपेश्वर सिंह टीचर ट्रेनिंग कॉलेज अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी डॉ. अजय सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बाबू तपेश्वर सिंह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबू तपेश्वर सिंह एक मृदुभाषी, सरल एवं उन्नत सोच के व्यक्ति थे। उन्होंने समाज में व्याप्त तमाम बुराईयों एवं कमियों को दूर करने में अपने जीवन को तपा दिया। इस क्रम में वर्तमान परिपेक्ष्य में नई शिक्षा नीति की आवश्यकता विषय पर सेमिनार का शुभारंभ हुआ। जिसमें आगत तमाम शिक्षाविद अपने-अपने विचार रखें तथा इस विषय पर अच्छी संगोष्ठी हुई। संस्कृति पब्लिक स्कूल कायमनगर के निदेशक डॉ.आलोक सिंह ने इस कार्यक्रम में तपेश्वर सिंह स्मृति संस्थान की अध्यक्षा डॉ.माधुरी सिंह एवं प्रेसीडेंट डॉ गायत्री सिंह द्वारा स्कॉलरशिप की आयोजन की प्रशंसा करते हुए विद्यालय की उपलब्धियां पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह विद्यालय सुबह का पहला विद्यालय होगा जिसने आरटीआई का शत-प्रतिशत पालन करते हुए कुल 10 लख रुपए का स्कॉलरशिप बच्चों को प्रदान किया गया है। इस वर्ष छात्रवृत्ति मेधा प्रतियोगिता में लगभग 400 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें सभी सफल प्रतिभागियों को कुलपति प्रो.(डॉ.) शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी के हाथों मोमेंटम एवं प्रशसित पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन सभी सफल प्रतिभागियों को सत्र 2026-27 के लिए चयनित किया गया है। तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. विणा पांडेय ने मौजूद अतिथियों को कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाने के लिए आभार व्यक्त किया अवसर पर डॉ सत्यदेव सिंह, डॉ अमित उपाध्याय, शिवकुमार सिंह, श्री सत्यप्रकाश राय, बीरेंद्र मिश्रा, श्री मुनमुन तिवारी, भरत जी सहयोगी, वीरेन्द्र सिंह गौतम, दीपक तिवारी,एस.के पांडेय, संस्कृति पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नितेश कुमार, सुमन कुमारी, राहुल सिंह, अभिषेक, रोशन सिंह, लक्ष्मी सिंह,अमरेश मिश्रा, शिवांगी सिंह, अशोक सिंह,पियुष, विशाल, एजाज आलम, अनिल सिंह, सुनील, ममता, श्वेता, आफिय एवं सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने समारोह में अहम भूमिका निभाई।

# बिहार सरकार के मंत्री ने किया एलान: खुलेंगे 40 नए आवासीय विद्यालय, स्वास्थ्यकर्मी भी होंगे तैनात



**एजेंसी। पटना**

बिहार में संचालित डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालयों में शीघ्र ही स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती की जाएगी। इसके लिए विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इस बात की जानकारी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विभाग के मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन ने दी। उन्होंने कहा कि एससी-एसटी बच्चों के बेहतर शिक्षा के साथ मूलभूत स्वास्थ्य सुविधा के लिए प्रत्येक एससी-एसटी आवासीय विद्यालयों में स्वास्थ्य कर्मी बहाल किये जाएंगे। वह आवासीय विद्यालयों में 24 घंटे तैनात रहेंगे। साथ ही इन विद्यालयों में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए बहुउद्देशीय वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। होली के अवसर पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विभाग के मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन ने बिहारवासियों को शुभकामनाएं दी। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विभाग के मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन ने कहा कि वर्तमान में बिहार में 91 डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय संचालित है। राज्य सरकार ने 720 सीट की क्षमता वाली 40 नए आवासीय विद्यालय खोलने का निर्णय लिया है। इन नए विद्यालयों को शीघ्र शुरू करने के लिए कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि आवासीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 1 एवं कक्षा 6 में नामांकन के लिए काफी संख्या में आवेदन मिले हैं। जिसमें ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों से करीब 1 लाख 3 हजार 195 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें कक्षा 1 के लिए 59 हजार 453 तथा कक्षा 6 के लिए 43 हजार 742 आवेदन शामिल हैं। वर्ग 1 से 11 तक के 25 लाख छात्रों को विभाग के माध्यम से छात्रवृत्ति दी जाती है। मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन ने कहा कि पिछले कैबिनेट में छात्रवृति को दोगुनी कर दी गई है। राज्य सरकार छात्रों के शैक्षणिक भविष्य के लिए प्रयासरत है। प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति योजना की जानकारी देते हुए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विभाग के मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन ने बताया कि राज्य सरकार से संचालित शिक्षण संस्थानों के अलावा केंद्र से संचालित संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों को शिक्षण शुल्क के लिए अब चिंता नही करनी पड़ेगी। सरकार उनके शिक्षण शुल्क सहित सभी अनिवार्य शुल्क का भुगतान करेगी।मुख्यमंत्री मेधावृति योजना के तहत वर्ष 2025-26 में 1 लाख 63 हजार 826 एससी-एसटी छात्रों को 164 करोड़ 66 लाख रुपये की राशि दी गई है। इसके साथ विभाग से संचालित 137 छात्रावासों में 10 हजार 663 छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन, आवास, खाद्दान के लिए 15 किलोग्राम आनाज और प्रतिमाह 1 हजार रुपये अनुदान दिया जाता है। जल्द ही इनके अनुदान में वृद्धि की जायेगी। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों के एससी-एसटी टोलों में 48 सौ सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। शेष बचे टोलों में सर्वे करा कर जल्द ही इसका निर्माण कराया जायेगा।

## छात्रों को शिक्षण शुल्क के लिए नहीं करनी पड़ेगी चिंता

प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति योजना की जानकारी देते हुए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विभाग के मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन ने बताया कि राज्य सरकार से संचालित शिक्षण संस्थानों के अलावा केंद्र से संचालित संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों को शिक्षण शुल्क के लिए अब चिंता नही करनी पड़ेगी। सरकार उनके शिक्षण शुल्क सहित सभी अनिवार्य शुल्क का भुगतान करेगी। मुख्यमंत्री मेधावृति योजना के तहत वर्ष 2025-26 में 1 लाख 63 हजार 826 एससी-एसटी छात्रों को 164 करोड़ 66 लाख रुपये की राशि दी गई है। इसके साथ विभाग से संचालित 137 छात्रावासों में 10 हजार 663 छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन, आवास, खाद्दान के लिए 15 किलोग्राम आनाज और प्रतिमाह 1 हजार रुपये अनुदान दिया जाता है। जल्द ही इनके अनुदान में वृद्धि की जायेगी। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों के एससी-एसटी टोलों में 48 सौ सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। शेष बचे टोलों में सर्वे करा कर जल्द ही इसका निर्माण कराया जायेगा।

# शराब तस्करी पर पुलिस का शिकंजा सप्लाई चेन खंगालने में जुटी टीम



**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने तस्करी के एक नेटवर्क पर प्रहार करते हुए 60 लीटर देशी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई महाराजा कोठी के समीप की गई, जहां गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर छापेमारी की।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार युवक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अखौरीपुर निवासी धर्मेंद्र बिंद के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वह मोटरसाइकिल के जरिए शराब की खेप एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने की तैयारी में था। तलाशी के दौरान उसके पास से 60 लीटर देशी शराब बरामद की गई, जबकि परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया गया। थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि जिले में शराब तस्करी पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए लगातार छापेमारी और निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अब इस बात की पड़ताल कर रही है कि बरामद शराब कहां से लाई गई थी और किन-किन स्थानों पर इसकी आपूर्ति की जानी थी। इसके लिए संभावित सप्लायर और रिसीवर की पहचान की जा रही है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि इस गिरफ्तारी के बाद शराब तस्करी से जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचने की कोशिश तेज कर दी गई है। आवश्यक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और जरूरत पड़ने पर अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी की जाएगी। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण या परिवहन की जानकारी तुरंत साझा करें, ताकि समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# महाविद्यालय में बाबू तपेश्वर सिंह की धूमधाम से मनी 35वीं पुण्यतिथि

**केटी न्यूज/रोहतास**

स्थानीय शहर के इंदु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय में संस्थापक स्मृति शेष बाबू तपेश्वर सिंह की धूमधाम से मनाया गया 35वीं पुण्यतिथि। उक्त मौके पर महाविद्यालय परिसर में स्थापित उनके प्रतिमा पर लोगों ने दीप प्रज्वलित के साथ माल्यार्पण उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहें महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. बिनोद कुमार सिंह ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विगत 40-50 दशक पूर्व तपेश्वर बाबू ने महिला शिक्षा एवं सहकारिता के क्षेत्र में भोजपुर जिला के उदवंतनगर प्राथमिक शाख सहयोग समिति से शुरू कर जिला प्रदेश एवं देश ही नहीं विदेशों में भी सहकारिता के शीर्ष पदों को सुशोभित रहें। उन्होंने परचम लहराते हुए सहकारिता को शून्य से शिखर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। साथ ही सहकारिता सम्राट के नाम से विख्यात प्राप्त कर उन्होंने महिला



सशक्तिकरण के लिए शिक्षा का अलख जगाते हुए बिक्रमगंज, आरा, दिनारा डुमरी, छपरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में महिला महाविद्यालय और बालिका विद्यालय की स्थापना कर शैक्षणिक संस्थानों से छात्राओं को भी योग्यता के आधार पर ऊंचे शिखर पर पहुंचाया। दूसरी तरफ श्रद्धांजली सभा को संबोधित करते हुए महाविद्यालय उप प्राचार्य डॉ.उमेश्वर प्रसाद सिंह उर्फ नेहरू जी ने स्व. तपेश्वर बाबू के जीवनी का बखान करते हुए कहा कि उन्हें आज भी उनके बताएं मार्ग पर महाविद्यालय के छात्राओं में विशेष शिक्षा का अलग जगाया जा रहा है।जिससे महाविद्यालय की छात्राएं शिक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन अपने भविष्य को संवार रही है। जिसे लेकर महाविद्यालय परिवार भी उनके बताएं मार्ग पर चलने के लिए संकल्पित है। उक्त मौके पर इंटर खंड प्राचार्य शशि रंजन कुमार, डॉ. उपेंद्र प्रसाद सिंह, डॉ.पुष्पा राणा रसिक, प्रो.शशि रंजन, डॉ.हरेंद्र सिंह, प्रो.राकेश सिंह,सोनू कुमार सिंह सहित समस्त कर्मियों ने भी बाबू तपेश्वर सिंह को याद कर उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि दी।

# बिहारियों को बड़ी राहत : होली के लिए पहले दिन 51 बसों का हुआ परिचालन

## तीन दिन में हजारों प्रवासी पहुंचे घर

होली के मद्देनजर प्रवासी बिहारियों को बड़ी राहत मिली है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) ने बिहार से चार राज्यों (दिल्ली, हरियाणा, झारखंड, पश्चिम बंगाल) के लिए विशेष त्योहारी अंतर्राज्यीय बस सेवा शुरू कर दी है। परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि 23 फरवरी से 25 फरवरी तक इन बसों की टिकट बुकिंग पर यात्रियों को कुल 52 लाख 22 हजार रुपए से अधिक सीट एवं त्योहार सब्सिडी दी गई है। इन तीन दिनों में करीब 8 हजार यात्रियों ने सफर किया है। पहले दिन (23 फरवरी) कुल 51 एसी सीटर





व स्लीपर बसों का संचालन किया गया, जिनमें 2,300 से अधिक यात्रियों ने सफर किया और 94 प्रतिशत सीटें फुल रहीं। इस दिन 15 लाख 85 हजार रुपए की सब्सिडी दी गई। इनमें 28 बसें अप (बिहार से बाहर की ओर) चलीं जबकि 23 बसें डाउन (अन्य राज्यों से बिहार की ओर) आईं। दिल्ली-मुजफ्फरपुर, दिल्ली-सीतामढ़ी और दिल्ली-सीवान मार्गों पर यात्रियों की संख्या सर्वाधिक रही। परिवहन मंत्री ने आगे बताया कि पहले दिन अप दिशा में मुजफ्फरपुर से दिल्ली के लिए सात बसें, सीतामढ़ी से दिल्ली के लिए पांच, पटना से दिल्ली के लिए पांच, सिवान से दिल्ली के लिए तीन, गया से दिल्ली के लिए दो, किशनगंज से दिल्ली के लिए दो बसें रवाना हुईं। इसके अलावा मधुबनी से गुरुग्राम, सुपौल से दिल्ली, शिवहर से दिल्ली और अररिया से गुरुग्राम के लिए एक-एक बस भी चली। वहीं डाउन दिशा में दिल्ली से सीतामढ़ी के लिए पांच, दिल्ली से सिवान के लिए तीन बसें आईं। दिल्ली, गुरुग्राम, पानीपत से मुजफ्फरपुर, किशनगंज, अररिया, मधुबनी, गया, सुपौल के रूटों पर बसों का परिचालन हुआ है।मंत्री श्री कुमार ने बताया कि 24 फरवरी को 2524 यात्रियों ने सफर किया, जिन्हें टिकट बुकिंग पर 18 लाख 44 हजार रुपए सीट सब्सिडी दी गई है। 25 फरवरी को 2353 यात्रियों ने सफर किया, जिन्हें 17 लाख 92 हजार रुपए से अधिक सब्सिडी प्रदान की गई। आंकड़ों के अनुसार, 26 फरवरी को बिहार से अन्य राज्यों के लिए 26 एसी बसों का परिचालन किया गया, जिसमें 92% तक सीटें फुल रहीं और 1202 यात्रियों ने सफर किया। वहीं अन्य राज्यों से बिहार के लिए 29 एसी बसें चलीं, जिनमें 2550 यात्रियों ने यात्रा की। इस दिन मुजफ्फरपुर से 11, दरभंगा से 6, गया, पटना व पूर्णिया से 3-3 बसें दिल्ली, गुरुग्राम, पानीपत जैसे राज्यों के लिए रवाना हुईं। निगम के अनुसार, यह सेवा 23 फरवरी से शुरू होकर 23 मार्च तक चलेगी। होली-ईद के दौरान दिल्ली-हरियाणा के लिए कुल 118 एसी बसों का परिचालन किया जाएगा।

# मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति को लोगों ने चोर समक्ष जमकर पीटा, पुलिस ने बचाया

**केटी न्यूज/रोहतास**

थाना क्षेत्र के गोडारी मुख्य बाजार में शक के आधार पर नगरवासियों ने एक अज्ञात व्यक्ति को बच्चा चोर समझकर पकड़ लिया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही बच्चा चोरी की अफवाहों के चलते लोगों ने पहले पूछताछ की,फिर थाने सौंप दिया। जांच में खुलासा हुआ कि व्यक्ति मानसिक रूप से विचलित है और नौबत के नउवा गोपालपुर का मुकेश कुमार गंगा निवासी है। घटना की जानकारी देते हुए प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मुकेश किसी घर में घुस गया था और पूछताछ पर उल्टा-सीधा जवाब दे रहा था। बच्चा चोरी की अफवाहों से घबराए लोगों ने उसे पकड़कर थाने भेज दिया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने स्पष्ट किया, "जांच के बाद पता चला कि वह मानसिक रूप से बीमार है। काराकाट थाने में आज तक कोई बच्चा चोरी का केस दर्ज नहीं हुआ। थानाध्यक्ष ने लोगों से अपील की कि बिना जांच के किसी पर आरोप लगाना या मारपीट करना अपराध है। सोशल मीडिया पर वायरल बच्चा चोरी के वीडियो अक्सर अफवाह साबित होते हैं। फेरी वालों-कबाड़ी वालों को भी इसी तरह पीटे जाने के मामले सामने आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि बच्चा चोरी का शक हो तो थाने में शिकायत करें अफवाह न फैलाएं। रोहतास सहित बिहार में बच्चा चोरी की अफवाहें तेजी से फैल रही हैं, जिससे निर्दोष लोग परेशान हो रहे। पुलिस ने जागरूकता अभियान तेज करने का संकेत दिया है।



## एक नजर

### फरार भाइयों पर शिकंजा कसने को पुलिस का बड़ा दांव, घोषित किया 50-50 हजार का इनाम

**बक्सर।** गंभीर आपराधिक मामले में फरार चल रहे सगे भाइयों की गिरफ्तारी के लिए बक्सर पुलिस ने बड़ा दांव खेलते हुए उन पर इनाम घोषित कर दिया है। लंबे समय से पुलिस को चकमा दे रहे दोनों आरोपियों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम रखा गया है। इस घोषणा के बाद पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है और संभावित ठिकानों पर दबिश बढ़ा दी गई है। तिलक राय के हाता थाना क्षेत्र के तवक्कल राय के डेरा गांव निवासी धुरान यादव उर्फ जयप्रकाश यादव और उनके भाई ओमप्रकाश यादव, दोनों पिता रामअवतार यादव, थाना कांड संख्या 187/23 में नामजद हैं। दोनों पर हत्या के प्रयास समेत कई संगीन धाराओं में मामला दर्ज है। इनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 341, 323, 307 और 338 के तहत कार्रवाई चल रही है। एसडीपीओ पोलस्त कुमार ने बताया कि गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक आरोपी पर 50 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया है। इस तरह कुल इनामी राशि एक लाख रुपये निर्धारित की गई है। घोषित इनाम की वैधता दो वर्षों तक रहेगी और विश्वसनीय सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखते हुए नियमानुसार पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दोनों भाई घटना के बाद से लगातार ठिकाना बदल रहे हैं। गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन कर तकनीकी और मानवीय दोनों स्तर पर निगरानी तेज कर दी गई है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि आरोपियों के संबंध में कोई भी पुख्ता सूचना तत्काल नजदीकी थाने या पुलिस कंट्रोल रूम को दें, ताकि कानून के शिकंजे से उन्हें जल्द बाहर न रहने दिया जा सके।

### पुलिस बनाम पत्रकार मैत्री क्रिकेट मैच में पुलिस टीम बनी विजेता

**सूर्यपुरा।** प्रखंड क्षेत्र मुख्यालय के राज राजेश्वरी प्लस टू उच्च विद्यालय के खेल मैदान में गुरूवार को पुलिस सप्ताह के तहत पुलिस एवं पत्रकारों के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। क्रिकेट मैच में पुलिस ने पत्रकारों को 18 रनों से पराजीत कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया । पुलिस टीम के कैप्टेन बिक्रमगंज पुलिस इंस्पेक्टर शेर सिंह यादव व पत्रकार टीम के कैप्टेन बीरेंद्र कुमार शर्मा के बीच टॉस किया गया । जिसमें पुलिस टीम टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। निर्धारित 10 ओवरों के खेल में पुलिस टीम ने पांच विकेट खो कर 92 रनों का लक्ष्य दिया,। वहीं लक्ष्य को पार करने के उद्देश्य से उतरी पत्रकारों की टीम ने 10 ओवरों में महज 75 रन पर ही सिमट गई ।इस तरह पुलिस की टीम 18 रनों से जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया । मैन आफ द मैच पुलिस टीम के काराकाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार को मिला । खेल में नासरीगंज इंस्पेक्टर कुणाल कृष्ण, सूर्यपुरा थानाध्यक्ष चंदन कुमार भगत,एसआई तरुण कुमार,निरज कुमार, पत्रकारों में राहुल मिश्रा,जयराम, मुकेश सिंह,संतोष चंद्रकांत,रवि कुमार,राजू पाठक,अमित कुमार, अंकित कुमार,प्रिंस कुमार,संजय पांडेय,राजू रंजन दुबे के अलावा अतिथियों में प्रमुख पति सुनील कुमार,सरपंच शिवयश भगत,सुदामा पांडेय,अभय कुमार,धनेश्वर प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे ।

### मां डुमरेजनी सेवा समिति का होली मिलन समारोह तीन मार्च को

**डुमरांव।** नगर में होली के रंग को और गाढ़ा करने के उद्देश्य से मां डुमरेजनी सेवा समिति की ओर से आगामी तीन मार्च को भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन डुमरांव स्थित टिचर ट्रेनिंग स्कूल के समीप किया गया है, जिसे लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष का आयोजन पहले से अधिक भव्य और आकर्षक होगा। समारोह में भोजपुरी जगत के कई चर्चित गायक व कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे। खास आकर्षण के रूप में भोजपुरी गायक सह अभिनेता अरविंद अकेला उर्फ कल्लू शिरकत करेंगे। इसके अलावा स्टेज स्टार गोलू राजा, बागी स्टार सन्नी पांडेय, गायिका ऋतु राय तथा गायक मनोज राय अपनी प्रस्तुति देंगे। कलाकारों की मौजूदगी से कार्यक्रम में रंग और उत्साह का माहौल बनने की उम्मीद है। आयोजन समिति के सदस्य बब्लू राय, लमरी राय, कुटकुट राय, पिंटू राय, सुरेश राय, टुना सिंह, विनोद कुमार, सोनू सिंह, दुर्गेश सिंह, दारोगा, अमरेन्द्र सिंह, रामनाथ तिवारी एवं लल्लू वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। समिति की ओर से नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है। आयोजकों का कहना है कि यह समारोह सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक एकता का संदेश देगा। होली के पारंपरिक गीत-संगीत और रंगारंग कार्यक्रमों के बीच यह मिलन समारोह क्षेत्रवासियों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बनेगा।

### मुजफ्फरपुर में 12 लाख की कपड़ा चोरी का खुलासा, पूर्वी चंपारण से दुकानदार गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले की अहियापुर थाना पुलिस ने कपड़ा गोदाम का ताला काटकर हुई बड़ी चोरी के मामले को सुलझा लेने का दावा किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में चोरी किए गए कपड़ों के सभी 33 बंडल बरामद कर लिए हैं, जिनकी बाजार में कीमत लगभग 12 लाख रुपए आंकी गई है। इस मामले में पुलिस ने पड़ोसी जिले पूर्वी चंपारण के हरसिद्धि थाना क्षेत्र से एक दुकानदार को गिरफ्तार किया है। उमिली जानकारी के अनुसार, घटना अहियापुर थाना क्षेत्र के दादर स्थित 'आर.के. इंटरप्राइजेज' के गोदाम में 21 फरवरी 2026 को हुई थी। चोरों ने बेहद शातिर तरीके से योजना बनाई थी। देर रात दो पिकअप वैन के साथ आए अपराधियों ने सबसे पहले गोदाम का ताला काटा। इसके बाद वे अंदर घुसे और वहां रखे कपड़े के भारी-भरकम बंडलों को वैन में लादकर फरार हो गए।

# ऐतिहासिक क्षण : पहली बार 46 जजों के साथ काम करेगा पटना हाईकोर्ट

## 9 नए जजों की नियुक्ति जल्द




**एजेंसी। पटना**

पटना हाईकोर्ट में पहली बार 46 न्यायाधीशों के साथ कार्य शुरू होगा। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 9 अधिवक्ताओं को न्यायाधीश नियुक्त करने की मंजूरी दी, जिससे हाईकोर्ट की कार्य क्षमता लगभग 87% तक बढ़ जाएगी। पटना हाईकोर्ट अपने इतिहास में पहली बार 46 न्यायाधीशों के साथ कार्य करेगा। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 26 फरवरी 2026 को हुई बैठक में नौ अधिवक्ताओं को न्यायाधीश नियुक्त करने की मंजूरी दी है। इन नियुक्तियों के बाद हाईकोर्ट की कार्य क्षमता लगभग 87% तक पहुंच जाएगी, जो अब तक का सबसे बड़ा कार्यरत बल होगा।केंद्र सरकार की अधिसूचना जारी होने के बाद कार्यरत न्यायाधीशों की संख्या 46 हो जाएगी। हाईकोर्ट में कुल 53 स्वीकृत न्यायाधीश पद हैं। कॉलेजियम द्वारा जिन अधिवक्ताओं को न्यायाधीश बनाए जाने की मंजूरी दी गई है, उनमें मो. नदीम सिराज, रंजन कुमार झा, कुमार मनीष, संजीव कुमार, गिरिजिश कुमार, आलोक कुमार, राज कुमार, राणा विक्रम सिंह और विकास कुमार शामिल हैं। वर्ष 2026 में तीन न्यायाधीश मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू (4 जून 2026), न्यायाधीश नवनीत कुमार पांडेय (28 फरवरी 2026) और न्यायाधीश बिबेक चौधरी (31 अक्टूबर 2026) सेवानिवृत्त होंगे। नई नियुक्तियों से न्यायिक निरंतरता सुनिश्चित होगी और अदालत के कामकाज पर सेवानिवृत्ति का कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ेगा।

बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा, बिहार स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष रमाकांत शर्मा, महाधिवक्ता पी.के. शाही और अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने इस कदम को स्वागतयोग्य बताया। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि लगभग पूर्ण क्षमता के साथ कार्य करने से लंबित मामलों के निपटान में तेजी आएगी और आम लोगों को समयबद्ध न्याय सुनिश्चित होगा। यह नियुक्ति पटना हाईकोर्ट के इतिहास में एक ऐतिहासिक और अभूतपूर्व क्षण माना जा रहा है।

# उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा का आदेश: फील्ड से बाहर हटे सीओ, घूस लेने की मिली थी शिकायत



**एजेंसी। पटना**

बिहार के डिप्टी सीएम सह राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा के आदेश पर एक अंचल अधिकारी को फील्ड से बाहर कर दिया गया है. भूमि सुधार जन कल्याण संवाद में ऑन स्पॉट मिली शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई है. शिकायत के बाद मंत्री ने अंचल अधिकारी को हटाने का आदेश दिया था. अब जाकर विभाग ने उक्त सीओ को फील्ड से हटाकर मुख्यालय अटैच कर दिया है. गया जिले के आमस अंचल के अंचल अधिकारी अरसद मदनी को हटा दिया गया है. इन्हें वहां से हटाते हुए भू अभिलेख निदेशालय में प्रतिनियुक्त किया गया है. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने 25 फरवरी को यह आदेश जारी किया है. विभाग ने गया के जिलाधिकारी से कहा है कि आमस अंचल में कार्यकारी व्यवस्था के तहत दूसरे सीओ को प्रभार दें. दरअसल, गयाजी में आयोजित भूमि सुधार जनकल्याण संवाद में डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के सामने ही आमस अंचल के सीओ अरशद मदनी पर एक आवेदक ने आरोप लगाया था कि बिल्टी मामले में आदेश के बावजूद उन से 25 हजार रुपये रिश्वत लिए गए. रिश्वत की राशि सीओ ने अपने सरकारी अंगरक्षक के माध्यम से लिया है. इसे सुनते ही उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने तत्काल प्रभाव से वरीय पुलिस अधीक्षक गया को आदेश दिया कि बॉडीगार्ड को लाइन हाजिर किया जाए और पूरे मामले की जांच निगरानी से कराई जाए. हालांकि तब आमस अंचल के सीओ अरशद मदनी ने कहा था कि उनके विरुद्ध लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद हैं. मैं भी चाहता हूं कि पूरे मामले की जांच हो. जिस व्यक्ति ने आरोप लगाया है, पहले से उस पर कई मामले हैं. जो भी जांच होगी, मैं उसमें पूरा सहयोग करूंगा. मैं बेगुनाह है।

## किशनगंज में बसे बाहरी लोगों की जमीन के कागजातों की होगी जांच, बिहार विधानसभा में विजय सिन्हा का बड़ा एलान

बिहार सरकार ने नेपाल और बांग्लादेश की सीमा से सटे सीमांचल क्षेत्र में अवैध कब्जा और घुसपैठ के मामलों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार को विधानसभा के बजट सत्र में डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने ऐलान किया कि मुस्लिम बाहुल्य किशनगंज जिले में बाहर से आए लोगों द्वारा स्थानीय जमीनों पर कब्जे की जांच के लिए विशेष समिति गठित की जाएगी। ठाकुरगंज से जदयू विधायक नीरज अग्रवाल ने सदन में गैर-सरकारी संकल्प के माध्यम से यह मामला उठाया। उन्होंने कहा कि दिघलगंज प्रखंड में बीते 40 सालों में भूदान की जमीनें, जो स्थानीय दलित, आदिवासी और गरीब मुस्लिमों के नाम पर थीं, उन पर बाहरी लोग कब्जा कर चुके हैं। विधायक के अनुसार, वर्तमान में दिघलबैंक प्रखंड की लगभग 90 प्रतिशत जमीनें पिछले 10 सालों में मालदा और मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल) से आए लोगों के कब्जे में चली गई हैं। विधायक ने राज्य सरकार से इन जमीनों का भौतिक निरीक्षण कराकर अवैध कब्जा मुक्त कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह समस्या पूरे किशनगंज जिले में व्याप्त है और ठाकुरगंज विधानसभा भारत के चिकन नेक क्षेत्र में स्थित होने के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। शुरूआत में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री सह डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा कि जिलाधिकारी से मिली रिपोर्ट में मालदा और मुर्शिदाबाद से आए बाहरी लोगों द्वारा कब्जा करने का कोई विशिष्ट मामला सामने नहीं आया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी जमीन का अवैध हस्तांतरण या खरीद-बिक्री होने पर जमाबंदी और बंदोबस्ती को रद्द किया जाएगा और सरकार को पूरा अधिकार होगा।

## एक नजर

### खाना बनाने के दौरान हुआ सिलेंडर ब्लास्ट, 10 लोग गंभीर रूप से झुलसे



**बेतिया।** बिहार के बेतिया के लौरिया क्षेत्र के बाजार में शुक्रवार दोपहर 12 बजे एक ठेले पर खाना बनाने के दौरान अचानक सिलेंडर फटने से 10 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। धमाके की वजह से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। चश्मदीदों ने बताया कि ठेले वाले के यहां सुबह से ही सिलेंडर में हल्की गैस लीकेज की शिकायत थी, लेकिन काम और भीड़ के दबाव में इस पर ध्यान नहीं दिया गया। दोपहर तक सिलेंडर गर्म हो गया और अचानक तेज आवाज के साथ फट पड़ा। धमाका इतना जोरदार था कि पास के दुकानदारों को लगा कि कोई बम फट गया हो। सिलेंडर के आसपास लगभग 12झ15 लोग खड़े थे, जिनमें से 10 लोग आग की चपेट में आ गए। आसपास मौजूद लोग डर से भाग गए, लेकिन कुछ युवकों ने हिम्मत दिखाते हुए झुलसे लोगों पर पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की। गंभीर हालत में घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से ऑटो और बाइक के माध्यम से लौरिया स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।लौरिया स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने बताया कि 10 घायलों में कई की हालत गंभीर है। झुलसे लोगों के शरीर का बड़ा हिस्सा जल गया है, कुछ का चेहरा और सीना बुरी तरह झुलसा है। प्राथमिक उपचार के बाद कुछ घायलों को बेतिया के ऋष्टउळ रेफर किया गया। ठेला चलाने वाला भी गंभीर रूप से झुलस गया है।

### पैसेंजर ट्रेन के बाथरूम के पास मिला नवजात, आरपीएफ की तत्परता से बची जान

**भागलपुर।** भागलपुर जिले के नाथनगर रेलवे स्टेशन पर रेल सुरक्षा बल की मानवीय संवेदनशीलता और तत्परता का एक प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया है। साहिबगंज-जमालपुर पैसेंजर ट्रेन गाड़ी संख्याः 63431 के बाथरूम के समीप किसी अज्ञात द्वारा छोड़े गए एक नवजात शिशु को आरपीएफ ने सुरक्षित बरामद कर लिया है।जानकारी के अनुसार, नाथनगर स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान आरपीएफ हेड कांस्टेबल राजेश कुमार और कांस्टेबल शैलेंद्र कुमार ने ट्रेन के भीतर लावारिस हालत में एक नवजात को देखा। आरपीएफ कर्मियों ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए मासूम को अपने संरक्षण में लिया। प्रारंभिक जांच और देखभाल के बाद, शिशु को सुरक्षित रूप से आर पी एफ पोस्ट लाया गया। आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि घटना की जानकारी तुरंत चाइल्ड लाइन को दे दी गई है। फिलहाल शिशु की पहचान नहीं हो सकी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि उसे वहां किसने और किन परिस्थितियों में छोड़ा। रेल पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की स्थानीय लोगों द्वारा काफी सराहना की जा रही है, क्योंकि उनकी सतर्कता से एक मासूम की जिंदगी बच गई।

# ड्यूटी पर तैनात एनएसजी कमांडो का निधन, गांव में शोक की लहर




**एजेंसी। पटना**

सारण जिले के मांझी प्रखंड अंतर्गत चकिया गांव में उस समय मातम पसर गया जब यह दुखद खबर पहुंची कि गांव के 35 वर्षीय सपूत प्रकाश यादव का जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी के दौरान निधन हो गया। प्रकाश यादव सेना में एनएसजी कमांडो के पद पर तैनात थे और देश की सुरक्षा में अहम जिम्मेदारी निभा रहे थे। उनके असमय निधन की सूचना मिलते ही परिवार सहित पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। साथी जवानों ने बताया कि वे अचानक गिर पड़े, जिसके बाद उन्हें तुरंत नजदीकी सैन्य अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने भरसक प्रयास किया, लेकिन इलाज के क्रम में उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। आधिकारिक सूचना मिलते ही सेना के अधिकारियों ने परिजनों को इसकी जानकारी दी।प्रकाश यादव अपने पीछे माता-पिता, पत्नी और छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। परिवार के लिए यह आघात असहनीय है। घर पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उनकी मां बार-बार बेहोश हो जा रही हैं, वहीं पत्नी सदमे में है। बच्चों को अभी यह भी पूरी तरह समझ नहीं आ पा रहा कि उनके पिता अब इस दुनिया में नहीं रहे। गांव के लोग लगातार उनके घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि प्रकाश यादव बचपन से ही मेधावी और अनुशासित थे। देश सेवा का जज्बा उनके भीतर शुरू से ही था। कठिन परिश्रम और लगन के बल पर उन्होंने सेना में जगह बनाई और बाद में एनएसजी कमांडो के रूप में चयनित होकर परिवार और गांव का नाम रोशन किया। वे जब भी छुट्टी पर गांव आते थे, युवाओं को सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित करते थे। गांव के कई युवक उनकी प्रेरणा से सेना और अन्य सुरक्षाबलों की तैयारी कर रहे हैं। चकिया गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक का माहौल है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकताओं ने भी इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। लोगों का कहना है कि प्रकाश यादव का निधन केवल उनके परिवार की ही नहीं, बल्कि पूरे जिले की अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपने कर्तव्य का पालन करते हुए देश सेवा की और अंत तक अपने दायित्व पर डटे रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि शहीद जवान को पूर्ण सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाए और परिवार को हर संभव सरकारी सहायता प्रदान की जाए।

# 626 स्कूलों पर शिक्षा विभाग का बड़ा एक्शन, काट लिए 11.30 लाख, हेडमास्टरों से स्पष्टीकरण




**एजेंसी। पटना**

दिसंबर और जनवरी माह में ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर मध्याह्न भोजन से संबंधित रिपोर्ट दर्ज नहीं करना सुपौल जिले के 626 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को महंगा पड़ गया। शिक्षा विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित दिनों की परिवर्तन मद की कुल 11 लाख 30 हजार 657 रुपये की राशि काट ली है। विभागीय जानकारी के अनुसार, दिसंबर माह में 375 विद्यालयों की करीब 9 लाख रुपये तथा जनवरी में 251 विद्यालयों की 2 लाख 30 हजार 675 रुपये की राशि की कटौती की गई है। साथ ही संबंधित प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। नियम के अनुसार एमडीएम संचालित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रतिदिन शाम 4 बजे तक लाभान्वित बच्चों की संख्या ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज करनी होती है। लेकिन कई विद्यालयों द्वारा यह अनिवार्य रिपोर्ट अपलोड नहीं की गई। एमडीएम डीपीओ आलोक शेखर आनंद ने बताया कि विभाग द्वारा लगातार निर्देश दिए जाने के बावजूद जिले के सभी स्कूल नियमित रूप से पोर्टल पर डेटा अपलोड नहीं कर रहे हैं। इसी कारण संबंधित विद्यालयों की परिवर्तन राशि में कटौती की गई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन प्रधानाध्यापकों ने एमडीएम से संबंधित पंजी विभाग को समर्पित नहीं किया है, उन विद्यालयों की योजना मद की लिमिट राशि फिलहाल स्थगित रखी गई है। विभाग ने भविष्य में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

# चिकन के शौकीन हो जाएं सावधान! होली से पहले पटना में बर्ड फ्लू का खतरा, 6 हजार से अधिक मुर्गियां दफन



**एजेंसी। पटना**

होली से पहले पटना में बर्ड फ्लू का खतरा बढ़ गया है। चितकोहरा के कौशल नगर स्थित बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पोल्ट्री अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में 6000 मुर्गियां संक्रमित पाई गईं, जिन्हें डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग ने दफना दिया। पूरे परिसर को सैनिटाइज कर एहतियाती कदम उठाए गए हैं।प्रशासन ने संक्रमित केंद्र के एक किलोमीटर दायरे को इंफेक्शन जोन घोषित किया है, जबकि नौ किलोमीटर तक के क्षेत्र को सर्विलांस एरिया बनाया गया है। इस दायरे में अंडा, मुर्गी और चारे के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। पटना डीएम के आदेश पर नगर निगम क्षेत्र में मुर्गा-मुर्गी के आवागमन पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। कौशल नगर में चेक पोस्ट बनाया गया है और शास्त्रीनगर व बाइपास थाना पुलिस निगरानी में जुटी है। पोल्ट्री फार्म क्षेत्र में बिना मास्क प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। यह इलाका एयरपोर्ट के पास चितकोहरा पुल के नीचे स्थित है और घनी आबादी के कारण प्रशासन अतिरिक्त सतर्कता बरत रहा है। सैनिटाइजेशन प्रमाणपत्र मिलने के बाद ही सामग्री के उपयोग की अनुमति दी जाएगी। जिला प्रशासन ने एहतियातन दो महीने तक मुर्गा-मुर्गी पालन पर रोक लगा दी है। लोगों से घबराने के बजाय सावधानी बरतने की अपील की गई है। पटना जू को भी सतर्क कर दिया गया है। दर्शकों को मोर और अन्य पक्षियों को आठ फीट दूरी से ही देखने की अनुमति है। केज के आसपास कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है, कर्मियों को मास्क उपलब्ध कराए गए हैं और प्रवेश द्वार पर केमिकल स्प्रे किया जा रहा है। अब तक जू में संक्रमण का कोई मामला सामने नहीं आया है।भागलपुर, कटिहार, पटना और दरभंगा में 400 से अधिक कौवों में संक्रमण पाया गया था। जांच के लिए भेजे गए सैंपलों में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई। पिछले एक महीने में पटना हाईकोर्ट, आईजीआईएमएस, मोकामा और कंकड़बाग समेत कई इलाकों में 200 से ज्यादा कौवों की मौत हुई थी, जिनमें एच-1एन-1 संक्रमण पाया गया।बर्ड फ्लू इन्फ्लूएंजा वायरस से होने वाली बीमारी है, जो मुख्य रूप से पक्षियों को प्रभावित करती है। संक्रमित पक्षियों या जानवरों के संपर्क में आने से इंसानों में भी संक्रमण की आशंका रहती है, हालांकि इंसान से इंसान में फैलाव के प्रमाण नहीं मिले हैं। इसके लक्षणों में गले में खराश, खांसी, सिरदर्द और बुखार शामिल हैं। विशेषज्ञों ने लोगों से अच्छी तरह पका हुआ भोजन खाने और सावधानी बरतने की अपील की है।

# बिहार मौसम : गर्मी ने पकड़ी रफ्तार, ठंड से आराम



**एजेंसी। पटना**

बिहार में मौसम पिछले कुछ दिनों से उल्लेखनीय रूप से बदल रहा है और आज का मौसम (27 फरवरी) भी इसी बदलाव की पुष्टि करता है। मौसम विभाग के नवीनतम अनुमान के अनुसार, राज्य के कई जिलों में तापमान सामान्य से ऊपर बना हुआ है, जिससे ठंड का धीरे धीरे अंत हो रहा है और गर्मी की शुरूआत हो चुकी है। इस बदलते मौसम का सीधा असर किसानों, यात्रियों और आम लोगों की दिनचर्या पर देखने को मिल रहा है। आज के मौसम अपडेट से पता चलता है कि दिन का तापमान लगभग 30°C से 31°C के बीच पहुँच रहा है, खासकर पटना, गया, भागलपुर, मुजफ़्फ़रपुर जैसे जिलों में, जहां धूप खिली रहती है और हवा अपेक्षाकृत शुष्क बनी हुई है। सुबहशाम के समय हल्की ठंड महसूस होती है, लेकिन दिन के मध्य में गर्मी का प्रभाव स्पष्ट है। आज पटना में अधिकतम तापमान लगभग 31°C के आसपास पहुँच रहा है और न्यूनतम तापमान सुबह में लगभग 15°C के आसपास दर्ज किया गया है। कई जिलों में तापमान 30त्उ से ऊपर पहुंचने के कारण लोग बिना गर्म कपड़ों के दिन का अधिकतर समय बाहर बिता पा रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, यह वृद्धि होली के आसपास तक बनी रह सकती है, जिससे ठंडी हवा और कोहरे की पुरानी स्थिति धीरे -धीरे समाप्त हो रही है। भारतीय मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान में बताया गया है कि बिहार में अगले कुछ दिनों तक मौसम मुख्य रूप से शुष्क और धूपदार रहने की संभावना है। आकाश अधिकतर साफ रहेगा और बारिश की संभावना फिलहाल कम बताई गई है। विभाग ने बताया है कि 27 और 28 फरवरी के बीच देश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश या बर्फबारी का अनुमान है, लेकिन यह बिहार के लिए खास तौर पर नहीं है; राज्य के मौसम का मिजाज बनी गर्म और शुष्क हवा की वजह से अधिकतर दिनों तक ऐसा ही रहेगा। आज सुबह से दोपहर तक आर्द्रता कम रही है, जिससे धूप का तापमान अधिक तीव्र महसूस हो रहा है। रात में हवा थोड़ी ठंडी और शुष्क रहने के कारण तापमान में विभिन्नता बनी हुई है। सुबह-शाम के समय हल्की ठंड महसूस करने वाले लोग दिन के समय गर्मी का अनुभव कर रहे हैं। बिहार कृषि समुदाय के लिए यह मौसम मिश्रित संकेत देता है। जहाँ एक ओर गर्म वर्षा का अभाव फसलों के लिए लाभदायक है, वहीं मानसून के पहले यह तापमान वृद्धि कुछ फसलों और बुवाई के कार्यक्रमों को प्रभावित भी कर सकती है। किसान दिन के समय खेतों में अधिक समय दे रहे हैं और सुहावने मौसम का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। शहरी क्षेत्रों में भी लोग बाहर अधिक समय बिता रहे हैं, खास कर पार्क, बाजार और सार्वजनिक स्थानों पर तापमान सुहावना होने की वजह से गतिविधियाँ बढ़ी हुई हैं।

## यात्रा और दैनिक जीवन पर प्रभाव

बिहार के यात्रियों के लिए भी वर्तमान मौसम अनुकूल है। ट्रैफिक, सड़क यात्रा या लंबी दूरी की ट्रिप्स के दौरान मौसम साफ-धूप और शुष्क रहने के कारण परेशानी कम है। सुबह-शाम के समय हल्की ठंडी हवा यात्रियों को राहत देती है, जबकि दोपहर में मौसम गर्म रहकर दिन का अधिकतम तापमान बनाए रखता है। बिहार का मौसम धूपदार, गर्म और शुष्क बना हुआ है, जो ठंड का अंत और गर्मी की शुरूआत का संकेत देता है। तापमान में वृद्धि हो रही है और बारिश की संभावना फिलहाल कम है। मौसम विभाग ने कुल मिलाकर साफ मौसम का अनुमान लगाया है, जो कई दिनों तक इसी तरह बना रहने की संभावना है।

# पटनावासियों को रामनवमी से पहले नीतीश सरकार देगी तोहफा, 6.2 किमी मेट्रो परिचालन की शीघ्र होगी शुरूआत

**एजेंसी। पटना**

बिहार सरकार पटनावासियों को रामनवमी से पहले फिर एक तोहफा देने जा रही है। दरअसल पटना मेट्रो का परिचालन मेट्रो अब सिर्फ भूतनाथ से बैरिया तक ही नहीं बल्कि भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक भी जाएगी। इस बात की जानकारी पटना मेट्रो रेल निगम लिमिटेड ने दी है।दरअसल 26 फरवरी को भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक पटना मेट्रो के परिचालन का ट्रायल रन किया गया। इसलिए आज पटना मेट्रो आम लोगों के लिए पूर्णरूपेण प्रतिबंधित रखा गया। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने कहा कि बिहार सरकार का यह बेहतर कदम है। इससे बिहार का विकास होगा, पटना का विकास होगा। उनका कहना था कि अभी मेट्रो की शुरूआत हुई है, लेकिन जब यह पूरे पटना में अच्छी तरह से दौड़ने लगेगी तब सब से अच्छी बात यह होगी कि पटना में लोग जिस जाम से जूझते हैं उन्हें उस भयंकर जाम से निजात मिल पाएगी। इस संबंध में पटना मेट्रो के अधिकारियों का कहना है कि कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी की टीम को जांच के लिए 25 फरवरी को आना था, लेकिन कुछ कारणों से उस दिन टीम नहीं आ पाई। इसलिए टीम अब मार्च में पटना पहुंचेगी। इस दौरान टीम मलाही पकड़ी और खेमनीचक स्टेशनों के बीच ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम, प्लेटफॉर्म सुरक्षा व्यवस्था, यात्री सुविधाओं और अन्य तकनीकी पहलुओं की बारीकी से जांच करेगी।